अमर उजाला 8/9/19

## सनातन टेक्नोफेयर में वेबसाइट बनाई, रोबोट चलाया



कानपुर। श्री सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर, कौशलपुरी में शनिवार को 'सनातन टेक्नोफेयर 2019' का आयोजन किया गया। इसमें शहर के 25 विद्यालयों के करीब 250 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में वेबसाइट बनाना, सॉफ्टवेयर पर कार्य करना, रोबोट वार, पहेलियों को बुझाना आदि प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर प्रथम, सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर व दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर दूसरे स्थान पर रहा। एलेन हाउस पब्लिक स्कूल खलासी लाइन तीसरे स्थान पर रहा। सभी प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल विनोद विश्वकर्मा व सुमन शर्मा ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

रविवार , 08 सितंबर 2019

हिन्दुस्तान

24

सिटी लाइव




## सर पद्मपत ने जीती 'स्टार ऑफ टेक्नोफेयर' ट्रॉफी

**कानपुर ।** श्री सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर, कौशलपुरी में शनिवार को आयोजित 'सनातन टेक्नोफेयर 2019' में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर को 'स्टार ऑफ टेक्नोफेयर 2019' का विजेता घोषित किया गया। श्री सनातन धर्म एजूकेशन सेंटर, कौशलपुरी और डीपीएस आजाद नगर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तीसरे स्थान पर एलन हाउस खलासी लाइन की टीम रही। इस टेक्नोफेयर में 25 विद्यालयों के 249 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।